झारखण्ड का प्रथम फिजिकल एकेडमी R.N.S. ACADEMY

# R.N.S ACADEMY

राष्ट्र निर्माण सेना

24 My 2023

Follow us on



RN Sir

(Physical Trainer)

SSC | RAILWAY | BANK

JSSC | DEFENCE - ARMY

CAPF | POLICE | Other Competitive Exam


Website : www.rnsacademy.in

Email : academyrns@gmail.com


Daily Current Affairs Booster


Contact : 8084818282, 9113365645


# Daily Current Affairs


Address : RNS Academy, College Road, Pakur, Jharkhand - 816107

## 24 मई का इतिहास

- **1824 :** अंग्रेजों ने प्रथम आंग्ल बर्मी युद्ध में रंगून और बर्मा पर कब्जा कर लिया।
- **2002 :** रूस और संयुक्त राज्य अमेरिका ने मास्को संधि पर हस्ताक्षर किए।
- **1875 :** सैय्यद अहमद खान ने अलीगढ़ में मुहम्मदीन एंग्लो ओरिएंटल स्कूल की स्थापना की जो वर्तमान मे अलीगढ़ विश्वविद्यालय के नाम से प्रसिद्ध हैं।
- **1915 :** थॉमस अल्वा एडिशन ने टेलीस्क्राइब का आविष्कार किया।

## 24 मई से संबंधित करेंट अफेयर्स

- अमेजन वेब सर्विस ने 2030 तक भारत में क्लाउड इंफ्रास्ट्रक्चर में 12.7 बिलियन डॉलर का निवेश करने की घोषणा की हैं। यह भारत में क्लाउड सेवा के ग्राहकों की बढ़ती जरूरतों को पूरा करेगा। भारत में डेटा सेंटर इंफ्रास्ट्रक्चर में निवेश किया जाएगा। क्लाउड प्लेटफॉर्म भंडारण, रोबोटिक्स और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस सहित 200 से अधिक सेवाओं की पेशकश करेगा। भारत में डब्ल्यूएस का कुल निवेश 2030 तक 1,36,500 करोड़ रूपये तक पहुंच जाएगा।
- गुवाहाटी के सात तीर्थस्थलों को जलमार्ग से जोड़ा जाएगा। अंतर्देशीय जलमार्गो के विकास के लिए बंदरगाह, नौवहन और जलमार्ग मंत्रालय ने प्रतिबद्धता जताई हैं। इस क्रम में ब्रह्मपुत्र नदी पर विकसित किए जा रहे नदी आधारित पर्यटन सर्किट के लिए एक असम में एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए। परियोजना को सागरमाला कार्यक्रम के तहत 40-45 करोड़ की शुरूआती लागत से विकसित किया जा रहा हैं। एसडीसीएल और आईडब्ल्यूएआई संयुक्त रूप से परियोजना लागत का 55 प्रतिशत योगदान देंगे। जबकि शेष लागत एटीडीसी द्वारा दिया जाएगा।
- केंद्रीय स्वास्थ्य ओर परिवार कल्याण मंत्री ने वार्षिक क्षमता निर्माण योजना जारी की। यह एक व्यापक रणनीतिक दस्तावेज और व्यावहारिक योजना हैं। इसका उद्देश्य मंत्रालय के विभिन्न विभागों की आवश्यकताओं के अनुसार अधिकारियों के कौशल ओर क्षमता निर्माण को बढ़ाना है। इसकी कल्पना विभिन्न मंत्रालयों, विभागों व संगठनों में तैनात व्यक्तियों की क्षमता वृद्धि में सहायता करने हेतु की गई हैं।
- सरोजिनी नगर के राजकीय यूपी सैनिक इंटर कॉलेज में मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्रा ने ऑनलाइन ग्रामीण शिक्षा पहल की आधिकारिक शुरूआत की। माध्यमिक शिक्षा विभाग और आईआईटी कानपुर के बीच साझेदारी के माध्यम से विकसित इस कार्यक्रम का उद्देश्य ऑनलाइन प्लेटफार्मो के माध्यम से ग्रामीण समुदायों को शिक्षा प्रदान करना हैं। कार्यक्रम के शुरूआती चरण में राज्य के 10 सरकारी माध्यमिक विद्यालय 'पहल' पहल के हिस्से के रूप में मुफ्त ऑनलाइन शिक्षा प्रदान करेंगे।
- संयुक्त राष्ट्र के विश्व मौसम विज्ञान संगठन के अनुसार अल नीनो और ग्रीन हाउस गैसों के संयुक्त प्रभाव से तापमान में वृद्धि होगी। विश्वच मौसम विज्ञान संगठन ने कहा कि 2027 तक वैश्विक तापमान के 1.5 डिग्री सेल्सियस के तापमान को पार करने की संभावना हैं। इसने कहा कि 98 प्रतिशत संभावना है कि अगले पांच वर्षो में से कम से कम एक वर्ष गर्मी का नया रिकार्ड स्थापित करेगा। कम से कम एक वर्ष में तापमान के 1.5 डिग्री सेल्सियस से अस्थायी रूप से अधिक होने की 66% संभावना हैं।
- फीफा विश्व कप ट्रॉफी जिसे वैश्विक रूप से सबसे प्रतिष्ठित और मान्यता प्राप्त खेल प्रतीक माना जाता है, अब फीफा विश्व कप 2026 के लिए आधिकारिक ब्रांड का प्रमुख हिस्सा के रूप में प्रकट किया गया हैं। एक अद्वितीय डिजाइन कॉन्सेप्ट के तहत, इस ब्रांड में वास्तविक ट्रॉफी की एक छवि के साथ संबंधित वर्ष को शामिल किया गया है, जिससे 2026 के संस्करण और भविष्य के सामरिक आयोजनों के लिए फीफा विश्व कप एम्बलम का आधार बनता हैं।
- आयुष मंत्रालय और स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय ने संयुक्त रूप से जनता की भलाई के लिए एकीकृत स्वास्थ्य को प्राथमिकता देने की अपनी प्रतिबद्धता की घोषणा की हैं। यह घोषणा राष्ट्रीय आयुष मिशन कॉन्क्लेव में की गई, जिसका उद्घाटन आयुष और बंदरगाह, शिपिंग और जलमार्ग के केंद्रीय कैबिनेट मंत्री श्री सर्बानंद सोनोवाल ने किया। कॉन्क्लेव में केंद्रीय स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री डॉ. मनसुख मंडाविया सहित सम्मानित अतिथियों ने भाग लिया।
- संयुक्त राष्ट्र के आर्थिक और सामाजिक मामलों के विभाग ने अपनी विश्व आर्थिक स्थिति और संभावना रिपोर्ट का मध्य वर्ष अद्यतन जारी किया। रिपोर्ट में अनुमान लगाया गया है कि भारतीय अर्थव्यवस्था के 2023 में 5.8% और 2024 में 6.7% बढ़ने की उम्मीद हैं। भारत दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती प्रमुख अर्थव्यवस्था बना रहेगा। भारत की आर्थिक वृद्धि को लचीली घरेलू मांग से समर्थन मिलेगा। 2023 में वैश्विक कमोडिटी की कीमतों में कमी और मुद्रा अवमूल्यन में कमी के कारण भारत की मुद्रास्फीति 5.5 प्रतिशत से कम होने की उम्मीद हैं।

## राष्ट्रीय व अंतर्राष्ट्रीय करेंट अफेयर्स




**1. विश्व सिजोफ्रेनिया दिवस हर साल कब मनाया जाता है ?**

(A) 20 मई (B) 22 मई

(C) 24 मई (D) 25 मई

**(C)** सिजोफ्रेनिया दिवस हर साल 24 मई को मनाया जाता हैं। यह एक मानसिक स्थिति होती है। जब ये स्थिति पैदा होती है तब व्यक्ति से महसूस करना, उसके कार्य करने और सोचने की क्षमता प्रभावित हो सकती है, कुछ परिस्थितियां ऐसी होती है, जिसमें समस्या पूरी तरीके से ठीक हो जाती हैं और लक्षणों में सुधार आ जाता हैं। लेकिन कई मामले ऐसे भी हैं जिसमें लोग लंबे समय तक इस समस्या से पीड़ित रहते हैं।




**2. घरेलू मांग मजबूत रहने से भारतीय इकोनॉमी के 2024 के कैलेंडर साल में कितने प्रतिशत की दर से बढ़ने की उम्मीद है ?**

(A) 5.4% (B) 6.7%

(C) 7.9% (D) 8.2%

**(B)** घरेलू मांग मजबूत रहने से भारतीय इकोनॉमी के 2024 के कैलेंडर साल में 6.7 प्रतिशत की दर से बढ़ने की उम्मीद हैं। संयुक्त राष्ट्र की एक रिपोर्ट में यह अनुमान लगाया गया है। हालांकि, इसके साथ ही रिपोर्ट में कहा गया है कि ऊंची ब्याज दरों तथा कमजोर बाहरी मांग से इस साल देश का निवेश और निर्यात प्रभावित होगा।




**6. हाल ही में तीसरी जी20 टूरिज्म वर्किंग ग्रुप की बैठक कहां आयोजित की जा रही है?**

(A) मुंबई (B) धर्मशाला

(C) श्रीनगर (D) नई दिल्ली

**(C)** तीसरी जी20 टूरिज्म वर्किंग ग्रुप की बैठक 22 से 24 मई तक श्रीनगर में आयोजित की जा रही हैं। इस कदम से जम्मू-कश्मीर में पर्यटन को बढ़ावा देने में मदद मिलेगी। केंद्रीय पर्यटन सचिव ने कहा कि भारत की अध्यक्षता के दौरान देश भर में 200 से अधिक कार्यक्रम आयोजित किए जाने थे जिनमें से 100 से अधिक का आयोजन हो चुका हैं।




**4. हाल ही में कहां नया फार्मास्यूटिकल रिसर्च एंड इनोवेशन इंस्टिट्यूट स्थापित किया जाएगा ?**

(A) पुणे (B) जयपुर

(C) लखनऊ (D) इनमें से कोई नहीं

**(C)** हाल ही में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने एक बड़ा फैसला लिया है। यूपी में फार्मास्यूटिकल रिसर्च इंस्टीट्यूट स्थापित होगा। राजधानी लखनऊ में नया रिसर्च इंस्टीट्यूट होगा। इससे फार्मा सेक्टर में शोध-अनुसंधान ओर मैन्युफेचरिंग को बढ़ावा मिलेगा। सीएम योगी ने कहा शिक्षण संस्थान, रिसर्च लैब और इंडस्ट्री पर फोकस होगा, विशेषज्ञों से परामर्श कर 15 दिन में कार्ययोजना प्रस्तुत करें।



**5. केंद्रीय मंत्रिमंडल ने आईटी हार्डवेयर के लिए कितने करोड़ रूपये की पीएलआई योजना 2.0 को मंजूरी दी ?**

(A) 15,000 करोड़ रूपये (B) 17,000 करोड़ रूपये

(C) 18,000 करोड़ रूपये (D) 25,000 करोड़ रूपये

**(B)** केंद्र सरकार ने आईटी हार्डवेयर के लिय कुल 17,000 करोड़ रूपये के बजटीय खर्च के साथ उत्पादन आधारित प्रोत्साहन योजना दो को मंजूरी दे दी। केंद्रीय सूचना प्रौद्योगिकी ओर दूरसंचार मंत्री अश्विनी वैष्णव ने मंत्रिमंडल की बैठक के बाद कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में मंत्रिमंडल ने 17000 करोड़ रूपये के बजटीय व्यय के साथ आईटी हार्डवेयर के लिए पीएलआई योजना को मंजूरी दे दी।

**6. हाल ही में किसने मंत्री पद से इस्तीफा दिया है ?**

(A) अश्विनी वैष्णव (B) पीयूष गोयल

(C) किरेन रिजिजू (D) धर्मेंद्र प्रधान

**(C)** किरेन रिजिजू ने केंद्रीय कानून मंत्री के पद से इस्तीफा दे दिया है और अब वह प पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय का कार्यभार संभालेंगे। अर्जुन राम मेघवाल को उनके मौजूदा विभागों के अलावा कानून और न्याय मंत्रालय ने राज्य मंत्री के रूप में स्वतंत्र प्रभार सौंपा गया हैं। रिजिजू ने 8 जुलाई, 2021 को कानून और न्याय मंत्री के रूप में पदभार संभाला था।



**7. हाल ही में सिद्धारमैया किस राज्य के नये मुख्यमंत्री बने ?**

(A) केरल (B) कर्नाटक

(C) तेलंगाना (D) इनमें से कोई नहीं

**(B)** हाल ही में सिद्धारमैयार कर्नाटक के अगले मुख्यमंत्री बने, जबकि डीके शिवकुमार डिप्टी होंगे। यह निर्णय कांग्रेस पार्टी द्वारा लिया गया था, जिसमें दोनो नेता बारी-बारी से व्यवस्था पर सहमत हुए थे। सिद्धारमैया 2.5 साल की अवधि के लिए मुख्यमंत्री के रूप में कार्य करेंगे, जिसके बाद शिवकुमार पद संभालेंगे।



**8. हाल ही में डोनेनेमाव शब्द समाचारों में था, यह किससे संबंधित है ?**

(A) अल्जाइमर रोग (B) क्रोनिक फोकल एन्सेफलाइटिस

(C) स्टोनमैन सिंड्रोम (D) एलिस इन वंडरलैंड सिंड्रोम

**(A)** हाल ही में एक अध्ययन में प्रारंभिक अल्जाइमर रोग वाले व्यक्तियों में डोनेनेमाब दवा को 35% तक संज्ञानात्मक गिरावट को धीमा करने में कारगर पाया गया था। डोनेनेमाब दवा को अमेरिकी दवा कंपनी एली लिली द्वारा विकसित किया गया हैं। यह एक मोनोक्लोनल एंटीबॉडी है, जो प्लैक्स ऑफ एमिलॉयड बीटा प्रोटीन को लक्षित करता हैं।




**9. सह्याद्री टाइगर रिजर्व किस राज्य में स्थित है ?**

(A) आंध्रप्रदेश (B) तमिलनाडु

(C) महाराष्ट्र (D) केरल

**(C)** हाल ही में सह्याद्री टाइगर रिजर्व वाटरहोल जनगणना की रिपोर्ट जारी की गई। सह्याद्री टाइगर रिजर्व महाराष्ट्र में पश्चिमी घाट की सह्याद्री रेंज में स्थित हैं। सह्याद्री रेंज महाराष्ट्र, कर्नाटक और गोवा के बीच एक सामान्य सीमा बनाती हैं। सह्याद्री टाइगर रिजर्व पश्चिमी महाराष्ट्र का पहला और कोयला अभयारण्य एवं चंदौली नेशनल पार्क के दो संरक्षित क्षेत्रों में फेला राज्य का चौथा टाइगर रिजर्व हैं।



**10. केंद्रीय खेल मंत्री ने कितने राष्ट्रीय खेल पुरस्कार विजेताओं को प्रशस्ति पत्र और ट्राफियां प्रदान की ?**

(A) 2 (B) 3

(C) 5 (D) 7

**(B)** केंद्रीय खेल मंत्री श्री अनुराग सिंह ठाकुर ने राष्ट्रीय खेल पुरस्कारों के विजेताओं को प्रशस्ति पत्र के साथ पुरस्कार प्रदान किए, जिन्होंने पहले भारत के राष्ट्रपति से अपने पुरस्कार प्राप्त नही किए थे। भारतीय निशानेबाज अंजुम मौदगिल, हॉकी कोच सर्पाल सिंह और दिवंगत टेनिस कोच नरेश कुमार के परिवार के सदस्यों को प्रशस्ति पत्र और ट्राफियां देकर सम्मानित किया गया।

